# सोलन में सड़कों पर उतरे किसान व मजदूर, अधिकार रैली के जरिये केंद्र सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

## नारेबाजी के माध्यम से किसानों और मजदूरों ने जाहिर किया अपना रोष

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
हिमाचल प्रदेश में बुधवार को सीटों और हिमाचल किसान सभा किसान मजदूरों के हितों की बात करते हुए प्रदर्शन कर रही हैं। जिला मुख्यालय सोलन में भी शहर के चिल्ड्रन पार्क के सामने हिमाचल किसान सभा और सीटू के सांझे बैनर तले किसान मजदूर रैली का आयोजन किया गया जिसमें किसानों मजदूरों को पेश आ रही दिक्कतों पर किसान सभा और सीटू ने नारेबाजी की। इस दौरान सीटू जिला अध्यक्ष मोहित वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने श्रम कानून को निरस्त कर चार श्रम संहिता में बदलकर मजदूर वर्ग पर का हमला किया है तथा उद्योग पतियों को शोषण करने का खुला अधिकार दे दिया है।सीटू मांग करती हैं कि श्रम कानूनों को बहाल किया जाए इसके लिए पूरे देश में सीटू आंदोलनरत है, वहीं स्कीम भरकर कर्मचारी घोषित करके मिड डे मील, आंगनवाड़ी और आशा वर्कर जैसी परियोजनाओं में बजट की बढ़ोतरी की जाए। वहीं दूसरी तरफ किसानों को लेकर स्वामीनाथन कमीशन के आधार पर सभी तरह की फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाए, सोलन की मुख्य फ सल टमाटर है ऐसे में यहां पर टमाटर पर आधारित प्रोसेसिंग उद्योग में लगाया जाए। मोहित वर्मा ने कहा कि लगातार किसान अपनी मांगों को लेकर एक समर्थन मूल्य फसलों को लेकर मांग कर रहे हैं लेकिन उस पर भी अभी तक गौर नहीं किया गया है दूसरी तरफ जो कर्मचारी मजदूर विभिन्न परियोजनाओं में लगे हैं उनके बजट में भी बढ़ोतरी नहीं की जा रही है ऐसे में इन सब मांगों को लेकर लगातार समय-समय पर हिमाचल किसान सभा व सीटू संघर्ष करती रही और आगे भी करती रहेगी।इस दौरान जिला भर में इस तरह के प्रदर्शन सीटू द्वारा किए गए हैं जिसमें सोलन, नालागढ़, बाघा, दालड़ाघाट शामिल है। इसी के साथ किसान, मजदूर,केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 5 अप्रैल को दिल्ली में विशाल किसान मजदूर संघ रैली का आयोजन करने जा रही है जिसको लेकर जगह-जगह पर गांव शहर में प्रचार अभियान भी किया जा रहा है।




# पेंट व ब्रश को औजार बनाकर, महिलाएं उकेर रही सुनहरे भविष्य की तस्वीर

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
विश्व में जहां हर क्षेत्र में महिलाएं अपने हुनर एवं मेधा के दम पर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं वहीं पर हमारे देश में भी महिलाएं किसी क्षेत्र में पुरुषों से कहीं कम नहीं। इसी प्रकार से पारंपरिक कार्यों की सीमाओं से हटकर महिलाएं उन कार्यों को भी सफलतापूर्वक एवं पूर्ण दक्षतापूर्वक निभा रही हैं जिनमें कभी पुरुषों का वर्चस्व समझा जाता था। कुल्लू जिला के स्वयं सहायता समूहों से संबंधित महिलाएं प्रशिक्षण पाने के पश्चात पेंट और ब्रश के साथ खेलकर न केवल अपने हुनर के दम पर स्वरोजगार पा रही हैं बल्कि उस से स्वरोजगार द्वारा अपने व अपने परिवार को आर्थिक रूप से संपन्नता की ओर ले जाने तथा आत्म निर्भर बनने का एक जीवंत उदाहरण बन कर समाज के लिए एक मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं। उनके इन सपनों की उड़ान को पूरा करने में सहायक बनी है सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिसके अंतर्गत उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा पेंट एवं ब्रश रूपी औजारों के साथ अपनी दक्षता को संवार कर अपने सुनहरे भविष्य की तस्वीर उकेरने का साहसिक कार्य किया है। आज यह महिलाएं ग्रामीण विकास अभिकरण के अंतर्गत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के विवरण से सम्बंधित बोर्ड तैयार कर रही हैं वाल पेंटिंग में भी अपना लोहा मनवा रही है।जिसने इनकी बहुत ही बढ़ियाा कमाई हो रही है। जितनी अधिक मेहनत उतनी अधिक आर्थिक आमद। कमाई के साथ-साथ समाज के परंपरागत ढांचे से बाहर निकल कर ये महिलाएं अपनी पहचान अपने दम पर बना रही हैं। ऐसी ही एक महिला हैं आशा जो कुल्लू ब्लॉक के गांव बजौरा के नैना स्वयं सहायता समूह की से संबंध रखती हैं। उनका कहना है कि पहले वे केवल चूल्हा चौका एवं खेतीबाड़ी तक ही सीमित थी, घर की देखभाल करना तथा छोटे-मोटे खेतीबाड़ी के कार्य करना यही उनकी दिनचर्या थी। इससे आर्थिक रूप से परिवार का गुजारा सही से नहीं हो पाता था परंतु जब इन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में सुना तो शुरू में उन्हें कुछ संकोच हुआ परंतु जब प्रशिक्षण शुरू हुआ तो प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें न केवल पेंट ब्रश के साथ कार्य करने की बारीकियों के बारे में समझाया बल्कि इस कार्य के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें प्रेरित भी किया।



## न्यूज फ्लैश

### ओप्पो ने भारत में फाईड एन-2 फ्लिप लॉन्च किया: फोल्डेबल फोन में नया मानक स्थापित किया



शिमला: अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाईसेज ब्रांड ओप्पो ने भारत में 89,999 रु. में अपने फ्लैगशिप फाईड एन-2 फ्लिप फोन का लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फ्लिपफोन 17 मार्च रात्रि 12 बजे से ओप्पो स्टोर्स,फ्लिपकार्ट,और मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स पर मिलना शुरू हो जाएगा।कैशबैक और छूट के साथ ग्राहक यह केवल 79,999 रु. में प्राप्त कर सकेंगे। दमयंत सिंह खनोरिया,चीफ मार्केटिंग ऑफिसर,ओप्पो इंडिया ने कहा हमें उद्देश्यपरक आधुनिकताएं पेश करने की ओप्पो की विरासत पर गर्व है।हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन फाईड एन-2 फ्लिप का लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं।इस स्लीक डिवाईस में विशाल वर्टिकल कवर स्क्रीन,एक अदृश्य क्रीज,शक्तिशाली कैमरा,और सर्वश्रेष्ठ बैटरी है इसलिए यह स्टाईल,फंक्शनलिटी एवं टिकाऊपन के लिए उत्तम है।हमें विश्वास है कि यह फ्लिप स्मार्टफोन फोल्डेबल स्मार्टफोन की श्रेणी में न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में एक नई क्रांति ले आएगा। ओप्पो का पहला फ्लिप फोन अपने ऑल.न्यू फ्लेक्ज़ियोन हिंज डिजाईन के साथ इस श्रेणी में एक नया मानक स्थापित कर देगा।इसमें एक वाटर ड्रॉप फोल्ड का निर्माण होता है जिसके कारण किसी भी फोल्डेबल स्मार्टफोन के मुकाबले इसके मुख्य डिस्प्ले पर काफी हल्की और पतली क्रीज बनती है।यह क्रीज ज्यादातर रोशनी की स्थितियों में अदृश्य रहती है जिससे फ्लैट.स्क्रीन का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होता है।इस सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के हिंज में टिकाऊपन से भी कोई समझौता नहीं किया गया है ओप्पो फाईड एन-2 फ्लिप थर्ड पार्टी टीयूवी रीनलैंड द्वारा सर्टिफाईड है। यह 400000बार फोल्ड और अनफोल्ड सहन कर सकता है यानि आप दस सालों तक इस फ्लिपफोन को रोज 100 बार खोल और बंद कर सकते हैं। इस स्मार्टफोन को माईनस 20 डिग्री सेल्सियस से लेकर 50 डिग्री सेल्सियस के बीच 95 प्रतिशत ह्यूमिडिटी के साथ बहुत ही कठिन परिस्थितियों में 100000 से ज्यादा बार फोल्ड और अनफोल्ड करने के लिए जाँचा गया है।ओप्पो इस फ्लिपफोन के हिंज पर बल दे रहा है क्योंकि इसका फोन की अन्य विशेषताओं पर गहरा असर होता है। इस टाईटली.इंजीनियर्ड हिंज के कारण ओप्पो की 3.26 इंच की बड़ी कवर स्क्रीन फोन में फिट हो सकतीए जो 17.9 वर्टिकल लेआउट के साथ फोन के ऊपरी आधे हिस्से में 48.5 प्रतिशत जगह को घेर लेती है।ओप्पो फाईड एन-2 फ्लिप में पॉलिश्ड एलुमीनियम साईड और मैट ग्लास बैक है जो किनारों की ओर कर्व के साथ इसे पकड़ना आसान बनाता है।

### जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन ने पेश किया महामृत्युंजय मंत्र जिसे सोनू निगम ने आवाज दी



**शिमला**: पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन . जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया।इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक मोक्ष मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीघार्यु प्रदान करता है ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक,भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है। जेटसिंथेसिस के संस्थापक और सीईओए राजन नवानी ने कहा, हम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ यह संस्करण शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हनुमान चालीसा की अद्भुत सफलता ने हमें अपने श्रोताओं के लिए इस तरह के और अधिक गहरे अनुभव लाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हमें उम्मीद है कि दर्शक महामृत्युंजय मंत्र के प्रति भी अनुकूल प्रतिक्रिया देंगे। इसके अतिरिक्त यह साझेदारी जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के विकास को गति देगी क्योंकि हम इस क्षेत्र में निवेश करना जारी रखेंगे। दर्शक साल भर में हमसे कुछ शानदार लॉन्च की उम्मीद कर सकते हैं। महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए सोनू निगम कहते हैं बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की २ भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है।

# बड़सर उपमंडल में 13 अप्रैल तक हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
बड़सर में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर में 14 मार्च से 13 अप्रैल तक चल रहे चैत्र मास मेलों के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

इसी कड़ी में एक आदेश जारी करते हुए बड़सर के एसडीएम शशि पाल शर्मा ने बड़सर उपमंडल में मेलों की अवधि के दौरान यानि 14 मार्च से 13 अप्रैल तक किसी भी तरह के हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने बताया कि मेला डयूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। एक अन्य आदेश जारी करते हुए एसडीएम ने मंदिर परिसर, लंगर परिसर और न्यास कैंटीन नंबर एक से कैंटीन नंबर 2 तक के क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और लाउड स्पीकर इत्यादि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने बताया कि मंदिर अधिकारी की अनुमति के बगैर निजी लंगरों पर भी पाबंदी रहेगी। एसडीएम ने बताया कि इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस थाना फतेहपुर में हुई जन-प्रतिनिधियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**
पुलिस थाना फ तेहपुर में बुधवार को थाना के तहत पड़ते भिन्न-भिन्न पंचायतों के जन प्रतिनिधियों व दुकानदारों की बैठक थाना प्रभारी फ तेहपुर उधम सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें नशे को क्षेत्र से पूरी तरह से खत्म करने पर फोकस किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी फतेहपुर उधम सिंह ने प्रतिनिधियों से जहां सहयोग की अपील की तो वहीं प्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र को पूरी तरह से नशा मुक्त करने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का प्रण लिया। वहीं थाना प्रभारी फतेहपुर उधम सिंह ने सभी को आश्बासत करवाया कि क्षेत्र में नशे की रोकथाम के लिए जानकारी जुटाने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। कहा पुलिस प्रशासन से ज्यादा आप लोग क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों की जानकारी रखते हैं। इसलिए तुरन्त पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते ऐसी गतिबिधियों पर अंकुश लगाया जा सके।
वहीं मुख्य आरक्षी दबिन्दर सिंह ने सभी अभिभाबकों से अपील की है कि वो अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें ताकि वो नशे जैसी दलदल में फं सकर अपना जीबन बर्बाद न कर लें। उन्होंने कहा अगर कहीं अभिभावको को अपने बच्चों पर नशे की लत लगने का शक पैदा होता है तो भी वह पुलिस को जानकारी देने से न इतरायें बल्कि पुलिस को सूचित करें ताकि नशे की गर्त में गिरने से बचाने के लिए उक्त बच्चे के साथ कॉन्सलिंग कर उसे नशे के दुष्परिणाम बताए जा सके। जिससे कि बच्चा भविष्य में अपने आप को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नशे से दूरी बना पाए.इस मौके पर बीडीसी संदेश कुमारी, बीडीसी हरपाल सिब्ब उर्फ छोटू, बीडीसी राजीब उर्फ नीटू, सहित आदि उपस्थित थे।



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रोष रैली

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
आंगनबाड़ी वर्करों, मिड-डे-मिल व आशा कार्यकताओं ने सीटू के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ रोष रैली निकाली। इस दौरान वर्करों ने एमसी पार्क ऊना से लेकर डीसी आफिस तक सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आंगनबाड़ी, मिड डे मील व आशा वर्करों ने बुधवार को प्रदेश सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखते हुए डीसी राघव शर्मा को मांगपत्र सौंपा। इस अवसर पर सीटू जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार व आंगनबाड़ी महासचिव अनुराधा व अन्यों ने अपनी मांगों को रखते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्री. नर्सरी कक्षा शुरू करने के लिए 100 प्रतिशत कोटा भी दिया जाए और इस बजट में सम्मानजनक मानदेय की बढ़ौतरी की जाए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व हैलरूज को भी रिटायरमैंट पर पैंशन व ग्रेच्यूटी का प्रावधान किया जाए। इसके अलावा दन सभी वर्कर्स की रिटायरमैंट आयु 65 वर्ष की जाए। जिस पंचायत में कार्यकर्ता का पद खाली होने पर जिस सहायिका का कार्यकाल 10 वर्ष पूरा हो चुका हो, उस सहायिका को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स को केरल सरकार की तर्ज पर 18000 रुपए मसिक वेतन दिया जाए।



# ट्रक यूनियन ऊना के समीप सट्टा लगाते एक धरा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
सदर थाना ऊना के ट्रक यूनियन के समीप पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते काबू किया है। आरोपी की पहचान मोहित शर्मा निवासी आर्य नगर ऊना के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ऊना पुलिस की टीम मंगलवार देर शाम को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर ट्रक यूनियन के समीप मोहित शर्मा को तलाशी लेने के लिए रोका।

# सांसद सेवा टीम ने दौलतपुर में जांचे मरीज



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
सांसद सेवा टीम हरोली के द्वारा मंगलवार को गांव पंजावर में दौलतपुर वार्ड नंबर 9 में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर डा. प्रदीप भटिया,रूचि प्रीति व रोहित पर आधारित टीम ने 43 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान 5 लोग खांसी व जुकाम से ग्रसित पाए गए। इसके अलावा 19 लोगों के रक्त जांच की जांच भी गई। जांच में 3 हाईबीपी के 5, शुगर के 3, जोड़ों के दर्द के 15 मरीज पाए गए। डा. प्रदीप ने मरीजों को बीमारी के अनुरूप निशुल्क दवाईंया भी वितरित की गई। साथ ही इन्फ्लुएंजा बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन्फ्लुएंजा के अधिकतर मरीजों में बुखार, खांसी, गले में संक्रमण, बुखार, शरीर में दर्द, नाक से पानी आना जैसे लक्षण पाए जाते हैं। यह एक प्रकार का वायरस है। इससे बचाव के लिए निगरानी और एहतियाती उपायों की आवश्यकता है। इसके बचाव के लिए अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन व पानी से धोएं, खांसने व छींकते समय नाक और मुंह को ढक कर रखें। भीड़-भाड़ वाली जगह पर मास्क का प्रयोग करें।
संतुलित आहार व तरल पदार्थों का सेवन करें।
इस मौके पर आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सोलन शहर में पानी की समस्या पर लगेगा अंकुश

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
हिमाचल प्रदेश का सोलन शहर तेजी से विकसित होते हुए शहरों में से एक है, आबादी बढ? के साथ लगातार सुविधाओं में इजाफ ा करने की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। सोलन नगर परिषद से अब नगर निगम बन चुका है ऐसे में निगम के अधीन आबादी भी बढ़ चुकी है और ये आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। सोलन शहर में आबादी बढ? के साथ पिछले कई वर्षो से पानी की समस्या भी विकराल रूप लेती जा रही है। इस समस्या को खत्म करने के लिए कई योजनाएं बनाई गई लेकिन आज तक वो सिरे नही चढ़ी है, हालांकि यह भी नहीं कहा जा सकता कि स्थानीय प्रशासन ने इसके लिए जदोजहद न की हो। गर्मियों के सीजन शुरू हो चुका है ऐसे में पानी की किल्लत होना लाजमी है।



**निगम टीम ने एडीसी जफ र इकबाल के साथ किया मौके का निरीक्षण**
लेकिन अब इस समस्या को खत्म करने के लिए निगम ने योजना बनाकर एक नया टैंक बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया है इस टैंक को लेकर आज नगर निगम सोलन के मेयर पूनम ग्रोवर, डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा समेत एडीसी सोलन और नगर निगम सोलन के कार्यकारी कमिश्नर जफ र इकबाल ने शहर के टैंकों का निरीक्षण किया और खाली पड़ी जगह पर एक नए टैंक को बनाने पर विचार विमर्श किया।

**पानी की समस्या को लेकर टेक्निकल स्पोर्ट देकर बनेगा नया स्टोरेज टैंक**
एडीसी सोलन जफर इकबाल ने बताया कि सोलन शहर में तेजी से विकास हो रहा है आबादी भी बढ़ रही है ऐसे में लोगो को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना भी जरूरी है। ऐसे में इसको लेकर आज एक निरीक्षण शहर के टैंकों का किया गया है। उन्होंने बताया कि सोलन शहर में तीन मुख्य टैंक है जहां से पानी की सप्लाई शहर में होती है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेरी**
**विकास खंड गोहर जिला मंडी हि.प्र. 175029**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेरी के लिए वर्ष 2023-24 के लिए विकास कार्यों हेतु निर्माण सामग्री के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: निविदा कर्त्ताओं से निवेदन है कि अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के किसी भी कार्य दिवस पर डाक द्वारा या सिधे कार्यालय में 25/03/2023 तक जमा करवा दे। निविदाएं 27/03/2023 को खोली जाएगी। नियम एवं शर्तें लागू।

**निवेदक**
**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सेरी**
**विकास खंड गोहर**
**जिला मंडी हि.प्र.**

# दूषित पानी की समस्या लेकर डीसी दरबार पहुंचे किसान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पंजाब की सीमा से सटे प्रदेश के 5 गांव सनोली, मजारा पूना, बेनीवाल और मलूकपुर के किसान बुधवार को हिमाचल किसान सभा के बैनर तले प्रतिनिधिमंडल के रूप में डीसी कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पंजाब के एक उद्योग के चलते दूषित हो रहे पानी और उसके कारण फसलों की हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि समस्या को लेकर सरकार और प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई तो उन्हें चक्का जाम करने या फिर उग्र आंदोलन जैसे कड़े कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा।
किसान सभा के महासचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि पंजाब के एक उद्योग के चलते सीमांत गांवों का भूजल बेहद दूषित हो चुका है। जिसका असर फसलों पर साफ तौर पर देखने को मिलता है जब फसलों की सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाता है तो यह फसलें काली पड़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर सरकार के स्तर पर कई दौर की वाताएं हुई, लेकिन उनका नतीजा अभी तक शून्य ही रहा है। उन्होंने कहा कि केवल मात्र फसलों की सिंचाई ही नहीं अपितु पीने का पानी भी इस कदर दूषित हो चुका है कि लोगों को आजादी के 75 साल के बाद भी उसी दौर में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिस दौर से निकलने में सदियां लग गई थी। उन्होंने कहा कि उद्योग प्रबंधन द्वारा दबाव डालकर इन ग्रामीण क्षेत्रों के पानी की रिपोर्ट के साथ छेड़छाड़ की गई, ताकि किसी भी चीज का आरोप उद्योग प्रबंधन पर न आए। हालत यह है कि फसलों की सिंचाई के लिए लगाई गई कि वो का पानी फसलों को बर्बाद कर रहा है। जबकि पीने के पानी के लिए लगाई गई एक स्कीम सैंपल फेल होने के चलते पूरी तरह से बंद कर दी गई है। उनका कहना है कि उद्योग प्रबंधन पैसे के दम पर पानी की रिपोर्ट को बदलवा रहा है। लेकिन हाल ही में पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित की गई स्कीम के पानी का सैंपल फेल होना यह दशार्ता है कि ग्राउंड वाटर किस कदर दूषित हो चुका है। लेकिन यदि पानी की रिपोर्ट सही है तो फिर नई स्कीमों को बंद क्यों रखा गया है। दूसरी तरफ किसान सभा के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि इस समस्या का हल जल्द नहीं किया गया तो उन्हें चक्का जाम करने के साथ-साथ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।



# आईएचएम हमीरपुर के विद्यार्थियों को अब जेएनयू की ओर से मिलेगी डिग्रियां

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट आईएचएम, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन हमीरपुर के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को थीम लंच आयोजित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने कई तरह के व्यंजन तैयार किए तथा होटल प्रबंधन से संबंधित अन्य गतिविधियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य जितेंद्र सांजटा, विशेष अतिथिगण, आईएचएम के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। होटल प्रबंधन संस्थान के प्रशिक्षुओं ने तैयार किए लजीज एवं जायकेदार व्यंजन इस अवसर पर



संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि वर्ष 2009 में स्थापित यह स्वायत्त संस्थान केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित है। उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे के साथ यह हिमाचल प्रदेश का एकमात्र संस्थान है।

थीम लंच में एडीसी और अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रशिक्षुओं ने दिखाया हुनरपुनीत बंटा ने बताया कि आईएचएम हमीरपुर में पढ़ाए जा रहे होटल मैनेजमेंट में विभिन्न प्रकार के स्नातकोतर पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान करने के लिए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय जेएनयू और नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटिरिंग टैक्नोलॉजी एनसीएचएमसीटी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौता ज्ञापन के बाद अब एनसीएचएमसीटी पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को जेएनयू की ओर से डिग्री प्रदान की जाएगी। यह डिग्री विद्यार्थियों को देश-विदेश में बेहतर अवसर उपलब्ध करवाएगी। पुनीत बंटा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-2024 से यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पांच सितारा होटलों और अन्य बड़े उद्यमों की पसंद बन चुके आईएचएम हमीरपुर के छात्रों की भर्ती के लिए इस साल भी विभिन्न कंपनियों ने कैंपस प्लेसमैंट के लिए दस्तक दी है। बीएससी होटल प्रबंधन तथा हॉस्पिटेलिटी के अंतिम वर्ष के छात्रों को ओसीएलडी ओबरॉय चंडीगढ, ताज बैंगलूरू, द गोल्डन पाल्मस होटल एंड स्पा बैंगलूरू, कोर्टयार्ड मैरियट हैदराबाद, लीला पैलेस बैंगलूरू, रेडिसन रीजॉर्ट गोवा, सेवन सीज नई दिल्ली, जेपी रेजीडेंसी मनोर, बरमन हॉस्पिटेलिटी टैको वेला इंडिया, बीकानेरवाला नई दिल्ली, मैकडोनाल्डस और अन्य नामी कंपनियों ने नियुक्ति पत्र दिए हैं। विभागाध्यक्ष ने बताया कि संस्थान की प्लेसमेंट का आंकड़ा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 100 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विवरण एवं प्रवेश से संबंधित जानकारियां संस्थान की वेबसाइट आईएचएम हमीरपुर डॉट इन पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा मोबाइल नंबर 94186-22786 और 98174-93382 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## सेरी मंच पर नव वर्ष बनाएगा धर्म संघ मंडी: भीम चंद सरोज



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

धर्म संघ भूत नाथ मन्दिर कार्यकारणी की बैठक वरिष्ठ नागरिक भवन जेल रोड़ में संघ के प्रधानभीम चंद सरोच की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर की विभिन्न संस्थाओं ने भी भाग लिया। यह जानकारी धर्म संघ भूत नाथ मन्दिर के अध्यक्ष भीमचन्द सरोच ने दी। उन्होंने कहा कि 22 मार्च को हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत मनाने के बारे में चर्चा की गई और सबकी सहमति से यह निर्णय लिया गया कि हिन्दू संस्कृति को कायम रखने के लिए सबको मिल कर कार्य करना चाहिए। इस बार नव वर्ष सेरी मंच पर सुबह 10 बजे से 1 बजे तक मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मगंलाचरण, गणपति पूजन के साथ पंडित द्वारा नववर्ष का वाचन व धार्मिक भजन कीर्तन किए जाएगें। बैठक में महाजन सभा मण्डी के अध्यक्ष एमएल गुप्ता, राजपूत सभा के अध्यक्ष इन्द्र सिंह ठाकुर, ब्राह्मण सभा मंडी के महा सचिव डॉक्टर ओम राज शर्मा, वीर मंडल के अध्यक्ष चन्द्र शेखर वैद्य, सर्व देवता सेवा समिति के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा, सिटीजन काउंसिल मण्डी के महा सचिव हरीश वैद्य, व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, आर्य समाज मंदिर के पूर्व अध्यक्ष हरीश कुमार बैहल, सहित आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### स्वादिष्ट व औषधीय गुणों से भरपूर है कचनार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

कचनार की सब्जी स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर है। आयुर्वेद में कचनार का उपायोग विभिन्न रोगों की दवाई बनाने के लिए किया जाता है। गौर रहे कि इन दिनों राजगढ़ क्षेत्र में फू लों से लदे कचनार के वृक्ष जंगलों की शोभा बढ़ा रहे है। कचनार के वृक्ष जंगलों में स्वत: ही उगे होते है जिसमें बसंत ऋ तु में लगने वाली पंखुडि?ां व फू ल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों के लिए किया जाता है। जोकि विषैले तत्व से रहित व जैविक गुणों से भरपूर है। कचनार, जिसे लोग स्थानीय भाषा में करयालटी भी कहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग सब्जी व रायता बनाने के लिए किया जाता है। कचनार की कलियों का आचार बहुत ही स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधी का काम भी करता है।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विश्वबंधु जोशी के अनुसार कचनार की सब्जी औषधीय गुणों से भरपूर है और कचनार की छाल का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं के बनाने में भी किया जाता है। इनका कहना है कि कचनार की छाल का शरीर के किसी भाग की गांठ को गलाने में सबसे उत्तम औषधी है। इसके अतिरिक्त रक्त विकार, त्वचा रोग जैसे खाज-खुजली, एक्जीमा, फोड़े-फूं सी के उपचार में इसकी छाल उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने बताया कि लोगों को जंगली सब्जियों का प्रचुर मात्रा में उपयोग करना चाहिए जिससे शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पूर्व प्रधान कुशल तोमर का कहना है कि इन दिनों गांव में जंगली शुद्ध सब्जियों की बहार आई है जिनमें कचनार, काथी की कोपलें, रामबाण के गोव्वा, फेगड़े, खडक ी के कोमल पत्ते, खड्डों में उगने वाली छूछ इत्यादि जंगली सब्जियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

### परवाणू पुलिस ने पकड़ा 3.80 ग्राम चिट्टा, सेक्टर 4 बैरियर पर किया आरोपी को गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**

परवाणू पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर 4 बैरियर पर एक मारुती कार से 3.80 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस मामले में कार चालक को पुलिस ने हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम गांव धग्गड़ में मौजूद थी। इस बीच किसी मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि एक सिल्वर रंग की मारुति कार नंबर पीबी-70-ए-2062 कालका की तरफ से सेक्टर-4 परवाणू की तरफ आ रही है। इसमें अनिल कुमार उर्फ पिंटू नाम का युवक सवार है, जोकि चिट्टा का अवैध खरीद-फ रोख्त का धंधा करता है। इस सूचना उपरांत परवाणू पुलिस सैक्टर-4 परवाणू बैरियर पहुँची।

### रिटायरमेंट के बाद लोग जीवन के प्रति ज्यादा आशावादी रवैया अपनाते हैं: आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस रिटायरमेंट स्टडी

**शिमला**: शिमला अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थरों में से एक रिटायरमेंट के प्रति भारतीयों का वर्तमान रवैया है बदल रहा है और उनके लिए अब रिटायरमेंट एक विराम है एक पड़ाव नहीं यह खुलासा रिटायरमेंट योजना के प्रति लोगों के दृष्टिकोण को समझने के लिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के एक अध्ययन में हुआ जिसका शीर्षक था क्या भारत रिटायरमेंट के लिए तैयार है,65.4 रुपये लाख का कॉर्पस अब रिटायरमेंट के लिए आदर्श माना जाता है कुल आय का 11प्रतिशत रिटायरमेंट से जुड़ी बचत के लिए बांटा किया जाता है जो व्यक्ति रिटायरमेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं वे 40 वर्ष के होने से पहले ही निवेश करना शुरू कर देते हैं 65प्रतिशत जवाब देने वालों ने अभी तक वार्षिकी योजनाओं में निवेश नहीं किया है जबकि वे ऐसा करने का इरादा रखते हैं लगभग 66प्रतिशत जवाब देने वाले मुद्रास्फीति और गंभीर बीमारी के बारे में चिंतित हैं जो उनकी रिटायरमेंट सेविंग और उनकी जीवन शैली को प्रभावित कर रहे हैं ।अध्ययन के निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मनीष दुबे ने कहा कि भारत की रिटायरमेंट आबादी तेजी से बढ़ रही है और 2031 तक इसमें 41प्रतिशत की वृद्धि दिखने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त लोगों की औसत उम्र बढ़ने के साथ लोगों का एक बड़ा वर्ग लंबी रिटायरमेंट की योजना के समाधान की तलाश में है दुबे ने कहा हमारे शोध में हमने पाया कि ज्यादा से ज्यादा लोग अब रिटायरमेंट को अपनी हॉबी का पता लगाने,अपने पैशन को जीने,और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने के अवसर के रूप में देख रहे हैं।निष्कर्ष बताते हैं कि रिटायरमेंट को एक ऐसे समय के रूप में सकारात्मक रूप से देखा जाता है जो संभावनाओं से भरा हुआ है। इसे एक ऐसे समय के रूप में देखा जाता है जब कोई नई शुरूआत कर सकता है और अपनी इच्छानुसार जीवन जी सकता है। बड़ी संख्या में लोग इसे मेंटेनेंस,अपग्रेडेशन और विकास के चरण के रूप में देखते हैं।

## 18 को आवंटित की जाएंगी आबकारी यूनिटें: कंवर शाह देव कटोच

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उप-आयुक्त राज्य कर व आबकारी कंवर शाह देव कटोच ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला की 11 आबकारी यूनिटों के आवंटन की प्रक्रिया 18 मार्च को पूरी की जाएगी जिसके लिए 16 से 17 मार्च तक निविदाएं उप-आयुक्त राज्य कर व आबकारी के कार्यालय में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्राप्त की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि 18 मार्च को 10:30 बजे बचत भवन चंबा में निविदाएं उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी के



समक्ष खोली जाएंगी। आबकारी यूनिट में भरमौर, सुलतानपुर, चंबा, कियाणी, लूणा, डलहौजी, बनीखेत, चुवाड़ी, सिहूंता, तीसा व सलूणी शामिल है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए उप-आयुक्त राज्य कर व आबकारी विभाग चंबा के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## देव स्थलों की पवित्रता को भंग करने का हक किसी को नहीं: चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मणिकर्ण मामले को लेकर अब पुजारी कल्याण संघ ने तेवर दिखाना शुरू कर दिए है। जिला पुजारी कल्याण संघ के अध्यक्ष व पूरी जिला कार्यकारिणी ने कहा है कि देव स्थलों की पवित्रता को भंग करने का हक किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि मणिकर्ण में बीते दिनों शरारती तत्वों द्वारा मंदिरों के ऊपर वियर व शराब की बोतलें फैंकी और पूरे बाजार में हुड़दंग मचाया लेकिन ये हुड़दंगी व देव आस्था पर चोट करने बाले शरारती तत्व आजतक गिरफ्तार नहीं किए



गए जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस घटना से देव समाज आहत है और सरकार व प्रशासन को शीघ्र इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए अन्यथा देव समाज के आक्रोश के लिए सरकार तैयार रहें। उन्होंने कहा कि वहीं उन्होंने जिला प्रशासन से मांग रखी कि जो भी बाहरी राज्यों से पर्यटक यहां घूमने के लिए आ रहे हैं अगर उनके पास हथियार पाए जाते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बीते दिनों मणिकर्ण में मारपीट की घटना हुई है उसे लेकर अब प्रशासन को स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक करनी चाहिए। इस बैठक में घाटी के पर्यटन कारोबारियों को भी सम्मिलित करना चाहिए और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जनता के भी सुझाव लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य से हजारों पर्यटक शांतिपूर्ण तरीके से मणिकर्ण आते हैं और दर्शन करने के बाद वापस लौट जाते हैं। लेकिन कुछ शरारती तत्व ऐसे भी आते हैं जो हथियार लेकर यहां की शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करते हैं।

ऐसे में प्रशासन भी शरारती तत्वों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए। ताकि जिला कुल्लू की शांति व्यवस्था बनी रह सके। उन्होंने कहा कि इस तरह से शरारती तत्वों को छूट देने से उनका मनोबल बढ़ेगा और फिर से ऐसी घटनाओं को अंजाम देंगें।

## भारतीय मानक ब्यूरो ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर गुणवत्ता संपर्क अभियान किया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/ विमल ग्रोवर**

भारतीय मानक ब्यूरो परवाणू शाखा कार्यालय द्वारा हर वर्ष 15 मार्च को मनाये जाने वाले विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर गुणवत्ता संपर्क अभियान 3० के अंतर्गत डोर टू डोर कैंपेन कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। बीआईएस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में परवाणू नगर परिषद अध्यक्ष निशा शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही, जबकि उनके साथ हाल ही में



सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद सुखविंदर सिंह मंगा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान परवाणू नगर परिषद अध्यक्ष निशा शर्मा द्वारा युवा स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कैंपेन मे परवाणू स्थित रविन्द्रनाथ टैगोर आईटीआई के स्टूडेंट्स बतौर स्वयंसेवक कार्य करेंगे। गौरतलब है की भारतीय मानक ब्यूरो युवा स्वयंसेवकों के माध्यम से उपभोक्ता अधिकार दिवस के तत्वाधान में पूरे देश में अपने विभिन्न शाखा कार्यालयों के माध्यम से इस गुणवत्ता संपर्क अभियान को चला रहा है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस कार्यक्रम के मद्देनजर ब्यूरो द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने का भी कार्य किया जा रहा है।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

गांधी भवन मैनेजमेंट सोसायटी द्वारा सवामी पूणार्नंद मेमोरियल अस्पताल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर भानु अस्पताल के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसमें शहर के लोगों ने भाग लेकर अपनी आंखों की निशुल्क जांच करवाई। गांधी भवन मैनेजमेंट सोसाइटी के सदस्य आकाश शर्मा ने बताया कि गांधी भवन मैनेजमेंट सोसायटी समय-समय पर निशुल्क शिविर आयोजित करती रहती है जिसके अंतर्गत आज यह नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है।

## अवैध कब्जाधारी दुकानदारों पर नगर परिषद की कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/ विमल ग्रोवर**

परवाणू में अपनी दुकानों के आगे सडक तक सामान रख कर अवैध कब्जा करने वाले दुकानदारो पर बुधवार को नगर परिषद परवाणू ने एक्शन लेते हुए चालान काटे। इस दौरान दुकानों के बाहर सडक घेर कर अवैध कब्जा करने वाले 12 दुकानों के चालान काटे गए, जिनसे 3 हजार रूपए जुमार्ना वसूला गया। नगर परिषद की इस कार्रवाई के बाद बाकी दुकानदार भी फ टाफ ट अपना सामान समेटते हुए देखे गए। नगर परिषद के सेनिटरी इंस्पेक्टर कर्मचंद वर्मा की आगुवाई में इस कारवाई को अंजाम दिया गया। नगर परिषद की यह कार्रवाई गेब्रियल रोड पर हुईए जहाँ दुकानदारो ने सबसे ज्यादा अतिक्रमण कर अवैध कब्जा कर रखा है। बता दें कि परवाणू में जगह जगह दुकानदारो ने अवैध कब्जा कर रखा है। दुकानदार अपनी वास्तविक जगह से कई कई फू ट आगे अपनी दुकान का सामान रख देते है, जिस से की सडक छोटी पड़ जाती है और वाहनों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। परवाणू के गेब्रियल रोड की बात करे तो सबसे ज्यादा कब्जा दुकानदारो ने यही कर रखा है। यहाँ दुकानदारो ने कई कई फ ीट आगे सामान लगाकर सडक पर कब्जा कर रखा है। यही से पुलिस स्टेशन को भी सडक जाती है, कई बार इमरजेंसी में अवैध कब्जों की वजह से लगे जाम में पुलिस के वाहन भी फं स जाते है। नगर परिषद द्वारा की गयी इस रेड व चालान की कार्रवाई के बाद फि लहाल दुकानदारों ने अपना सामान सडक से समेट लिया है।

## उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों के प्रति रहें जागरुक: पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने बुधवार को यहां हमीर भवन में दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन के सहयोग से जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

विश्व उपभोक्ता दिवस पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने की अपील

इस अवसर पर दि हमीरपुर



उपभोक्ता संरक्षण संगठन के पदाधिकारियों, विभाग के अधिकारियों तथा सभी उपभोक्ताओं को विश्व उपभोक्ता दिवस की बधाई देते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि आज के दौर में एक उपभोक्ता के रूप में हर व्यक्ति को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरुक रहना चाहिए। सरकार ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कई नियम-अधिनियम बनाए हैं। सभी लोगों को इन नियमों-अधिनियमों की जानकारी होनी चाहिए। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि आम लोगों के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें जागरुक करने के लिए दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपनी गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाएं, ताकि इन क्षेत्रों के उपभोक्ता भी अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि संगठन की गतिविधियों के विस्तार तथा इसकी सभी मांगों को पूरा करने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे।

# बीपीएल सूची में नाम जोड़ने व हटाने का अधिकार केवल पंचायतों के पास: अनिरुद्ध सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार बीपीएल सूची में नाम शामिल करने और नाम हटाने का अधिकार केवल संबंधित ग्राम सभाओं के पास है। कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि अपात्र परिवारों के नाम हटाने और पात्र परिवारों के नाम शामिल करने के उद्देश्य से हर साल सूचियों की समीक्षा की जाती है। जहां तक राज्य सरकार का संबंध हैए वह यह सुनिश्चित करती है कि बीपीएल सूची में पात्र लोगों को शामिल करने और अपात्र को बाहर करने के लिए निर्धारित मानदंड पूरे हों। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2018 में सालाना बीपीएल सूची में संशोधन के लिए एक विस्तृत सूचना जारी की। इस अधिसूचना के अनुसार प्रत्येक पंचायत स्तर पर एक समिति का गठन कियाए जिसे संबंधित खंड विकास अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया गया। इस समिति में पंचायत सचिव, पटवारी और एक जन प्रतिनिधि को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों की अंतिम सूची के निर्णय के लिए सूची ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार समिति द्वारा तय नामों की सूची को ग्राम सभाओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है और ग्राम सभाओं द्वारा किया गया चयन अंतिम हैं। इसके अलावा, एसडीएम को आवेदनों के आधार पर या गलत चयन के आरोपों की शिकायतों या आरोपों की जांच करने के लिए अधिकृत किया गया है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि पूछताछ के बाद एसडीएम पंचायत को अपात्र परिवार का नाम बीपीएल सूची से हटाने का आदेश दे सकता है। ग्राम सभा द्वारा बीपीएल परिवारों के गलत चयन की दशा में एक माह के अन्दर आपत्ति/अपील एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। यदि शिकायतकर्ता एसडीएम के निर्णय से संतुष्ट नहीं है, तो उपायुक्त के पास आगे की अपील दायर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में चुने जाने वाले परिवारों की संख्या निर्धारित है और रिक्तियां, यदि कोई हैं, ग्राम सभा द्वारा भरी जाती हैं।

विपिन सिंह परमार के एक सवाल के लिखित उत्तर में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिक पालिसी 2022 जारी की है। यदि इस योजना में कोई कमी महसूस की जाती है तो सरकार इसमें संशोधन करने या नई इलेक्ट्रिक पालिसी बनाने पर विचार करेगी। विधायक रणधीर शर्मा के एक सवाल के लिखित जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में जलशक्ति विभाग के 66 मंडल कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने सत्ता संभालने के बाद आठ मंडलों को बंद कर दिया है। विधायक राकेश जंवाल के सवाल के लिखित जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति मंडल सुंदरनगर के तहत डैहर और सुंदरनगर के निकटतम क्षेत्रों के लिए 36.91 करोड़ रुपए से अधिक की दो पेयजल योजनाएं स्वीकृत हुई थी। इनमें से डैहर क्षेत्र के लिए स्वीकृत पेयजल योजना का 90 फ ीसदी कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरी योजना का केवल 5 फ ीसदी कार्य ही पूरा हुआ है।

**हिमाचल में हर वर्ष लगभग 1500 मीट्रिक टन ऊन उत्पादन**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश में इस समय हर वर्ष औसतन 1400 से 1500 मीट्रिक टन भेड़ ऊन का उत्पादन हो रहा है। भरमौर के विधायक डा. जनक राज द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2018-19 में 1460.335 मीट्रिक टन भेड़ ऊन का उत्पादन हुआ। इसी तरह 2019-20 में यह लगभग 1516.44 मीट्रिक टन था। 2020-21 में 1482.24 मीट्रिक टन और 2021-22 में 1232.85 मीट्रिक टन उत्पादन हुआ। उन्होंने कहा कि वूल फेडरेशन की कुल ऊन भंडारण क्षमता 170 मीट्रिक टन है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन आवश्यकता के अनुसार किराए की सुविधाओं में ऊन का भंडारण करता है। चंद्र कुमार ने कहा कि ऊन भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 19 नवंबर, 2022 को केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, जोधपुर को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर राज्य की ऊन भंडारण क्षमता में अतिरिक्त 50 मीट्रिक टन की वृद्धि होगी। चंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में चरवाहों की भेड़ बकरियां चोरी होने और अन्य अपराधों के कुल 24 मामले दर्ज किए गए हैं। ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस प्रमुखों को पीएचक्यू द्वारा समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। इसके अलावा अप्रैल 2021 में पीएचक्यू की ओर से स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर भी जारी किया गया था।

**हिमाचल में सूखे की स्थिति नहीं**

करसोग विधायक दीप राज द्वारा पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में चंद्र कुमार ने सदन को बताया कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में सूखे की स्थिति नहीं है, लेकिन पिछले साल की तुलना में इस बार सामान्य से कम बारिश के कारण कृषि और पशुपालन क्षेत्र के लिए चिंता बनी हुई है।



# करीना कपूर

## ने खुलकर रखी दिल की बात शादी को बताया टैबू



### बोलीं- 'आपको अपनी उम्र पर...'

कपूर खानदान की लाडली बेटी करीना कपूर बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेज में से हैं जिन्होंने शादी के बाद अपने करियर को एक नई दिशा दी. करीना कपूर ने कई बार इस बात का जिक्र किया है कि कई शुभचिंतकों ने उन्हें शादी न करने की नसीहत दी थी. दरअसल, उस वक्त ज्यादातर फिल्म मेकर्स शादीशुदा एक्ट्रेसेज के साथ काम नहीं करना चाहते थे. लेकिन बेबो ने बिना किसी की परवाह किए शादी की और बेधड़क फिल्मों में काम करके एक नया ट्रेंड भी सेट किया.हाल ही में हार्पर बाजार इंडिया नामक एक मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में करीना कपूर ने फिल्मों में बदलते दौर पर खुलकर अपनी राय रखी. दरअसल, बेबो से पूछा गया था कि क्या बॉलीवुड में एजिज्म को लेकर लोगों का नजरिया बदल रहा है? जिसपर एक्ट्रेस कहती हैं, मुझे लगता है कि अब इंडस्ट्री में लोगों का नजरिया बदल रहा है. आज कल की एक्ट्रेसेज ज्यादा ब्रेव हैं. वह अपनी उम्र छिपाने की कोशिश नहीं करती हैं.



**एक्ट्रेसेज की शादी टैबू थी –**

वह आगे कहती हैं,पहले एक्ट्रेसेज के लिए शादी करना सबसे बड़ा टैबू था, लेकिन अब शादी से एक्ट्रेसेज के करियर पर कोई असर नहीं पड़ता है. बेबो के अनुसार अब फिल्म निर्माता पहले के मुताबिक कई ज्यादा जोखिम उठा रहे हैं और लीग से हटकर स्क्रिप्ट पर काम भी कर रहे हैं. इतना ही नहीं अब फिल्मों में अलग-अलग लोगों को मौका दिया जा रहा है. जबकि पहले ऐसा कुछ देखने को नहीं मिलता था. वर्क लाइफ बैलेंस से जुड़े सवाल के जवाब में ये एक्ट्रेस कहती हैं, इसका कोई सीक्रेट फॉर्मूला नहीं है. ये निर्णय पूरी तरह से आपके हाथ में है कि आप क्या करना चाहते हैं और क्या नहीं.

**रणबीर कपूर बने पहले गेस्ट-**

इन दिनों ये एक्ट्रेस अपने टॉक शो 'व्हाट वुमेन वॉन्ट' (What Women Want) के अपकमिंग सीजन को लेकर सुर्खियों में हैं. इस शो के चौथे सीजन के पहले एपिसोड का टीजर रिलीज हो चुका है. रणबीर कपूर इस सीजन के पहले गेस्ट होने वाले हैं. टीजर में कपूर भाई- बहन का काफी मजेदार अंदाज देखने को मिला है.अगर फिल्मों की बात करें तो करीना कपूर जल्द ही हंसल मेहता की मर्डर मिस्ट्री फिल्म में नजर आएंगी. इसके अलावा ये एक्ट्रेस रिया कपूर की भी एक फिल्म में दिखेंगी.



# दीया मिर्जा

## को खूबसूरती की वजह से मिला रिजेक्शन, नहीं मिलीं अच्छी फिल्में, बोलीं- 'मेरी ट्रैजेडी...'

दीया मिर्जा को खूबसूरती की वजह से मिला रिजेक्शन, नहीं मिलीं अच्छी फिल्मेंदीया मिर्जा (Dia Mirza) बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत और काबिल एक्ट्रेसेज की लिस्ट में शुमार हैं. अक्सर लाइमलाइट से दूर रहने वाली दिया मिर्जा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भीड़' को लैकर चर्चा में हैं. लॉकडाउन पर आधारित इस फिल्म से दीया मिर्जा एक लंबे अरसे बाद वापसी कर रही हैं.

फिल्म से जुड़ी बातचीत के दौरान इस एक्ट्रेस ने एक ऐसा बयान दिया है जिसकी वजह से अब बॉलीवुड में एक नई बहस छिड़ गई है.बॉलीवुड में हमेशा से ही एक्ट्रेस के किरदारों और लुक्स को लेकर चर्चा होती रहती है. इस इंडस्ट्री में माना जाता था कि हर एक्ट्रेस को सफल होने के लिए एक ढांचे में ढलना जरूरी है. 80 और 90 के दशक की कई एक्ट्रेसेज ने सामने आकर अपने साथ हुए भेद-भाव के बारे में बात भी की है. शांतिप्रिया हों या फिर जरीना वहाब इन एक्ट्रेसेज ने खुलासा किया था कि उन्हें गोरा न होने की वजह से इंडस्ट्री में काम नहीं मिलता था.

**लंबे करियर के बावजूद किया भेद-भाव का सामना –**

लेकिन आज तक के साथ बातचीत के दौरान दीया मिर्जा ने एक ऐसा बयान दिया है जो फिल्म इंडस्ट्री के अलग पहलू को दर्शाता है. दरअसल, इंटरव्यू के दौरान इस एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में 2 दशक से ज्यादा समय हो चुका है और इस दौरान उन्हें कई प्रकार के भेद-भाव का सामना करना पड़ा है.

**करना चाहती थीं अलग तरह की फिल्मों में काम-**

'रहना है तेरे दिल में' फेम एक्ट्रेस कहती हैं कि उन्हें कई बार अपने लुक की वजह से रिजेक्शन झेलना पड़ा है. इस बारे में आगे बात करते हुए ये एक्ट्रेस बताती हैं कि वह हमेशा से ही ऐसे फिल्म मेकर्स के साथ काम करना चाहती थीं जो अलग तरह की फिल्में बनाते हैं. लेकिन ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनने की उनकी ख्वाहिश के बीच हमेशा उनका लुक आ जाता था.

## शाहरुख खान को मिली पहली सैलरी, जिसमें खरीद सकते थे सिर्फ 1 पाव मूंगफली, लेकिन भागे आगरा और फिर..




हर किसी को अपनी पहली सैलरी जीवन भर याद रहती है. पहली बार अपनी कमाई को पाकर जो खुशी किसी को भी होती है, वह खुशी करोड़ों रुपए कमाने के बाद भी नहीं मिलती. बॉलीवुड के तमाम एक्टर्स जो आज लाखों-करोड़ों में खेल रहे हैं, कभी मामूली पैसों में काम कर चुके हैं. इसके बारे में कई बार एक्टर्स खुद ही बताते रहते हैं. आज बात बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान (Shah Rukh Khan) की, जिन्हें काफी मेहनत के बाद पहली सैलरी मिली थी. पैसे भले ही कम थे लेकिन खुशी सातवें आसमान पर थी.ऑरमैक्स मीडिया हर महीने पॉपुलर मेल और फीमेल एक्टर्स की लिस्ट जारी करती है. फरवरी के लिस्ट में शाहरुख खान देश के मोस्ट पॉपुलर एक्टर हैं. 57 साल की उम्र में भी बतौर लीड एक्टर शाहरुख की पॉपुलैरिटी बनी हुई है. शाहरुख ने कड़ी मेहनत से इस मुकाम को हासिल किया है. टीवी धारावाहिक 'सर्कस', 'फौजी' में काम करने के बाद शाहरुख ने बॉलीवुड में कदम रखा, ये तो सब जानते हैं लेकिन उससे पहले भी कीपर का काम कर पैसे कमा चुके हैं.

**पहली फिल्म के लिए मिले थे 50 हजार रुपए**

शाहरुख खान की 'दीवाना' पहले रिलीज हुई थी इसलिए इस फिल्म से डेब्यू माना जाता है लेकिन इससे पहले 'दिल आशना है' की शूटिंग की थी. इस फिल्म के लिए उन्हें 50 हजार रुपए मिले थे. लेकिन आपको जानकार हैरानी होगी कि शाहरुख को पहली सैलरी महज 50 रुपए मिले थे.

**शाहरुख की पहली सैलरी थी महज 50 रुपए**

शाहरुख खान ने टीवी शो 'इंडिया पूछेगा सबसे शाणा कौन ?' में हिस्सा लिया था. इस शो के ग्रैंड फिनाले में अपनी जिंदगी के कई अनसुने किस्से शाहरुख खान ने शेयर किए थे. शाहरुख ने बताया था कि' मैंने दिल्ली में सिंगर पंकज उधास के एक कंसर्ट में काम करने का मौका मिला था. मैंने बतौर कीपर काम किया और मुझे पहली सैलरी 50 रुपए मिली थी. इस पैसे से आगरा का टिकट लिया और ताज महल का दीदार किया'.

## सैफ अली खान को डायरेक्टर ने शूटिंग सेट से किया बाहर, नहीं चला स्टारडम का रौब, कमल सदाना का बना नसीब



बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान ( Saif Ali Khan) आज भले ही सुलझे और बेहद शांत एक्टर में गिने जाते हैं, लेकिन अपने करियर के शुरुआती दिनों में सैफ के दिलों दिमाग पर स्टारडम काफी हावी था. और भला हो भी क्यों नहीं, नवाब खानदान से ताल्लुक रखने वाले सैफ मशहूर क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी (Mansoor Ali Khan Pataudi ) और दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर (Sharmila Tagore) के जो बेटे थे, ऐसे में उनके पास किसी भी चीज की कमी नहीं थी. वो बचपन से लग्जरी लाइफ जीते थे. उन्हें स्टार किड्स होने का काफी गुमान था. इसके साथ ही कुछ डायरेक्टर्स को पता था कि पहले से जबरदस्त फैन फॉलोइंग रखने वाले नवाब के शहजादे जब फिल्मों में आएंगे उन्हें देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की लंबी लाइन लग जाएगी. कुछ ऐसा ही सपना निर्देशक राहुल रवैल ने सैफ के लिए देखा था. हालांकि आगे जो हुआ वह काफी दिलचस्प है.

सुपरस्टार सैफ अली खान को लेकर लोगों के दिमाग यही है कि आज से 30 साल पहले यश चोपड़ा की फिल्म फिल्म 'परंपरा' से सैफ ने डेब्यू किया था. यह सच भी है लेकिन 'परंपरा' से पहले निर्देशक राहुल रवैल ( Rahul Rawail) सैफ को अपनी फिल्म 'बेखुदी '(Bekhudi) से लॉन्च करने वाले थे. मजेदार बात बता दें कि सैफ 'बेखुदी' की शूटिंग का पहला शेड्यूल भी कर चुके थे. हालांकि सैफ की हरकतों से राहुल रवैल इतने दुखी हो गए कि फिल्म की शूटिंग के बीच में अपना डिसीजन बदल दिया और सैफ को शूटिंग सेट से बाहर कर दिया. बाद में 1992 में रिलीज हुई इस फिल्म में काजोल और कमल सदाना को लीड रोल में देखा गया.

**सैफ पर अनप्रोफेशनल होने का लगा आरोप**

'बेखुदी' फिल्म सैफ की डेब्यू फिल्म क्यों नहीं बन पाई इस बारे में खुद नवाबजादे ने ही एक इंटरव्यू में खुलासा किया था. उस इंटरव्यू में सैफ ने बताया था कि उन्होंने ऐसा क्या किया था? जिससे निर्देशक को उन पर बहुत गुस्सा आ गया और उन्होंने उन्हें फिल्म से निकाल दिया. इसके बाद डायरेक्टर ने सैफ पर अनप्रोफेशनल होने का आरोप लगाया था.

**इस वजह से हुए थे बाहर**

सैफ ने इंटरव्यू में बताया था कि जिस दिन उन्हें फिल्म से बाहर किया गया था, उस दिन फिल्म के गाने की शूटिंग हो रही थी. वह अपनी को-स्टार काजोल संग गाने की शूटिंग कर थे. इस गाने में एक जगह गाते हुए उन्हें झूठे आंसू बहा कर अपना दर्द चेहरे पर दिखाना था.

## शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे चढ़कर 82.33 पर पहुंचा

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे चढ़कर 82.33 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.32 पर मजबूत खुला, फिर कुछ बढ़त के साथ 82.30 के स्तर पर आ गया। कुछ देर बाद रुपया फिसलकर 82.33 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.37 के स्तर पर बंद हुआ था।इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 फीसदी गिरकर 103.49 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.21 प्रतिशत बढ़कर 78.39 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने इस दिन 3,086.96 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।



## Australia में हरित हाइड्रोजन में निवेश करेगी ग्रीन बिलियंस

**नई दिल्ली।** परामर्श और हरित ऊर्जा से जुड़ी द ग्रीन बिलियंस लिमिटेड (टीजीबीएल) आस्ट्रेलिया में पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा समाधान और हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में विस्तार करेगी। कंपनी इसके लिये उद्योग संगठन इंडिया-ऑस्ट्रेलिया स्ट्रेटेजिक अलायंस (आईएएसए) के साथ गठजोड़ कर रही है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस पहल के तहत वह ऑस्ट्रेलिया में हरित हाइड्रोजन जैसे हरित ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश करेगी और मेटाकाओलिन प्रोसेसर स्थापित करेगी।मेटाकाओलिन का उपयोग आमतौर पर सिरेमिक के उत्पादन में किया जाता है, लेकिन इसका उपयोग कंक्रीट में सीमेंट प्रतिस्थापन के रूप में भी किया जाता है। इससे कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलती है। ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय औद्योगिकी समुदाय का उद्योग संगठन भारत- ऑस्ट्रेलिया स्ट्रेटेजिक अलायंस टीजीबीएल को मंच, संसाधान और दिशानिर्देश उपलब्ध कराएगा, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार प्रभावी तरीके से हो सके। टीजीबीएल के चेयरमैन और संस्थापक डॉ. प्रतीक कनकिया ने कहा, 'द ग्रीन बिलियंस व्यापार के लिए ऑस्ट्रेलिया में अवसर तलाश कर रही है और भारत- ऑस्ट्रेलिया स्ट्रेटेजिक अलायंस के साथ साझेदारी करेगी। हम ऑस्ट्रेलिया में पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में निवेश करने की योजना बना रहे हैं...।



## विदेशों में नरमी से Edible oil तिलहनों कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्यतेलों का दाम में भारी नरमी आने से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में लगभग सभी खाद्यतेल तिलहनों में चौतरफा गिरावट रही। इस गिरावट के कारण सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन, बिनौला तेल जैसे देशी तेल तिलहन के साथ साथ कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन जैसे आयातित तेल नुकसान के साथ बंद हुए। मलेशिया एक्सचेंज और शिकागो एक्सचेंज में गिरावट रहने के कारण यहां का तेल कारोबार प्रभावित हुआ।बाजार सूत्रों ने कहा कि लगभग तीन महीने पहले सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का दाम 1,450 डॉलर प्रति टन था जो अब घटकर सोयाबीन का 1,130 डॉलर और सूरजमुखी तेल का 1,140 डॉलर प्रति टन रह गया है। देश में 31 मार्च तक शुल्क मुक्त आयात कोटा के तहत सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का लगभग 10 लाख टन का आयात होना बाकी है जिसमें सूरजमुखी का लगभग सात लाख टन और सोयाबीन का लगभग तीन लाख टन का आयात होने की संभावना है। तीन महीने में इन तेलों के दाम करीब 25 रुपये किलो घटे हैं। इसके उलट सीपीओ का दाम लगभग तीन महीने पहले लगभग 1,000 डॉलर प्रति टन था जो अब बढ़कर 1,015 डॉलर हो गया है। सूरजमुखी तेल का बंदरगाह पर जो आयात हो रहा उसका भाव 86 रुपये लीटर पड़ता है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के हिसाब से स्थानीय पेराई मिलों को देशी सूरजमुखी की पेराई करने में करीब 50 रुपये लीटर का नुकसान है यानी एमएसपी के हिसाब से स्थानीय सूरजमुखी तेल, पेराई के बाद, आयातित सूरजमुखी तेल से लगभग 50 रुपये लीटर महंगा यानी 135 रुपये लीटर बैठता है।

# चंद्रशेखर ने कहा- अमेरिकी बैंकिंग संकट में फंसे भारतीय स्टार्टअप की मदद पर विचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) संकट से प्रभावित भारतीय स्टार्टअप प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत सरकार उन्हें एसवीबी से उत्पन्न आर्थिक संकट से बचाने के तरीकों पर काम कर रही है। राजीव चंद्रशेखर ने यहां एसवीबी संकट के मद्देनजर 400 भारतीय स्टार्टअप्स के प्रतिनिधियों से यहां मुलाकात की। चंद्रशेखर ने उन्हें संभावित समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि आईटी मंत्रालय



सिलिकॉन वैली बैंक बंद होने से प्रभावित भारतीय स्टार्टअप की समस्याओं पर वित्त मंत्रालय के साथ चर्चा करेगा जिससे उन्हें इस संकट से निकलने में मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि मैं एक परामर्श सूची तैयार कर उसे आपकी तरफ से वित्त मंत्री को देकर इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने वाला हूं। चंद्रशेखर ने स्टार्टअप प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उन्हें भारतीय बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के लिए कहा, जो 'बहुत मजबूत' हैं। हालांकि, अमेरिका सरकार ने जमाकर्ताओं को पूरा पैसा वापस करने का आश्वासन दिया है, लेकिन कोई समय-सीमा तय नहीं की है। ऐसे में प्रभावित कंपनियों में नकदी संकट आएगा।

## टायर निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 15 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान : ATMA

**नई दिल्ली।** देश से टायर का निर्यात चालू वित्त वर्ष (2022-23) में 15 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग संगठन ऑटोमोटिव टायर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) के चेयरमैन सतीश शर्मा ने यह अनुमान जताया। उन्होंने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ देश के तेजी से जुड़ने और विश्व स्तर पर अनुकूल नियामकीय परिवेश से भारत में विनिर्मित टायरों के लिएबाजार बढ़ा है। संगठन ने शर्मा के हवाले से एक बयान में कहा, पिछले साल भारत से टायर निर्यात 50 प्रतिशत बढ़ा। हमें चालू वित्त वर्ष में निर्यात में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है।उन्होंने संगठन के भागीदारी सम्मेलन-2023 में यह बात कही। एटीएमए ने वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों यानी अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान भारत से टायर निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 17,816 करोड़ रुपये हो गया। इससे एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,507 करोड़ रुपये था। शर्मा ने कहा, भारतीय टायर उद्योग को कच्चे माल के साझेदारों के लगातार समर्थन से घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में बढ़त को बनाए रखने में मदद मिली है। यह ऐसे समय में उद्योग के साथ खड़े रहे जब पहले कोविड और फिर भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई।

# एलआईसी के प्रबंध निदेशक नियुक्त किए गए तबलेश पांडेय

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने तबलेश पांडेय को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। पांडेय, वर्तमान प्रबंध निदेशक बीसी पटनायक की जगह लेंगे। फिलहाल वे कंपनी में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि तबलेश पांडेय को कंपनी का एमडी नियुक्त किया गया है। कंपनी ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से 13 मार्च को जारी अधिसूचना के मुताबिक एलआईसी के कार्यकारी निदेशक तबलेश पांडे को एक अप्रैल, 2023 को या उसके बाद से केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में पदस्थापित बीसी पटनायक के स्थान पर प्रबंध निदेशक पद पर नियुक्त किया गया है। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि तबलेश पांडेय की नियुक्ति एक अप्रैल, 2023 से प्रभावी होगी। वे मौजूदा



वर्तमान प्रबंध निदेशक बीसी पटनायक की जगह लेंगे। केंद्र सरकार ने एक दिन पहले हैदराबाद के दक्षिण मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रभारी) एम जगन्नाथ को एलआईसी का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति एमडी राज कुमार की जगह की गई है। उन्होंने 13 मार्च को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी में मौजूदा समय में कुल चार प्रबंध निदेशक कार्यरत हैं। इस सप्ताह निगम से सेवानिवृत्त होने वाले दो प्रबंध निदेशक राज कुमार और बीसी पटनायक हैं।

# कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल, 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय




हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 1.03 डॉलर यानी 1.33 फीसदी की बढ़त के साथ 78.48 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.03 डॉलर यानी 1.44 फीसदी उछलकर 72.37 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# मूडीज का दावा- एशिया-प्रशांत क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों पर अमेरिकी बैंकों के पतन का असर नहीं

**नई दिल्ली।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ज्यादातर वित्तीय संस्थानों का अमेरिका के विफल बैंकों से कोई सरोकार नहीं है और सिलिकॉन वैली बैंक की तरह वे ऋण प्रतिभूति होल्डिंग को लेकर जोखिम में भी नहीं हैं। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने यह कहा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी नियामकों ने 12 मार्च को सिग्नेचर बैंक को बंद करने का निर्णय किया। इससे ठीक दो दिन पहले सिलिकॉन वैली बैंक को बंद करने का फैसला किया गया था। बड़े पैमाने पर ग्राहकों के अपने जमा निकाल लेने से ये बैंक संकट में आ गए।

मूडीज ने कहा कि इन घटनाक्रमों से निवेशक सतर्क हो गए हैं, ऐसे में दुनियाभर के बॉन्ड बाजारों में नकदी का संकट खड़ा हो सकता है। हालांकि संरचनात्मक कारकों की वजह से




एशिया-प्रशांत के वित्तीय संस्थानों पर इसका प्रभाव सीमित ही रहने वाला है।

उसने एक बयान में कहा, ''एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ज्यादातर संस्थानों का अमेरिका के विफल बैंकों से कोई सरोकार नहीं है, गिनेचुने संस्थानों का मामूली रूप से लेना-देना है। अंततः ज्यादातर संस्थानों को ऋण प्रतिभूति होल्डिंग्स से उतना बड़ा घाटा होने का जोखिम नहीं है जितना कि सिलिकॉन वैली बैंक को था।'' मूडीज ने कहा कि उसकी रेटिंग में शामिल एशिया-प्रशांत के बैंकों के पास संरचनात्मक रूप से स्थिर कोष और पर्याप्त नकदी है। उनके जमाकर्ता विविध क्षेत्रों से हैं और क्षेत्र के किसी भी बैंक का प्रौद्योगिकी कंपनियों से बहुत अधिक लेना-देना नहीं है। इसके अलावा इस क्षेत्र के बैंकों के जमा में आमतौर पर किसी भी एकल ग्राहक का जमा बहुत अधिक नहीं होता है।

उसने कहा कि क्षेत्र के ज्यादातर बैंकों का वित्तपोषण ग्राहकों के जमा से होता है, उनका बाजार उधार भी उनकी कुल परिसंपत्तियों का औसतन करीब 16 प्रतिशत है, जो बहुत अधिक नहीं है।

## साइबर हमलों का मुकाबला करने के लिए बने मजबूत और व्यापक तंत्र, संसदीय समिति ने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** एक संसदीय समिति ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से कहा है कि साइबर हमलों का मुकाबला करने के लिए वह एक मजबूत और व्यापक तंत्र बनाए। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर संसद की स्थायी समिति ने 13 मार्च को संसद में अपनी रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में समिति ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से जुड़ी विभिन्न सिफारिशें की हैं। समिति के अनुसार विमानन क्षेत्र साइबर सुरक्षा के खतरों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। अधिकांश प्रमुख एयरलाइनों ने पिछले कुछ वर्षों में साइबर हमलों की घटनाओं की सूचना दी है। इन घटनाओं में हवाई संचालन और यात्रियों के लिए जोखिम की स्थिति बन गई थी। ऐसी भी सूचना है कि हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका में कई उड़ानों को संभावित साइबर हमले के कारण ग्राउंडेड या विलंबित किया गया था, हमले ने एयरलाइंस की वेबसाइटों को अक्षम कर दिया था। यह समिति साइबर हमलों का मुकाबला करने और भारत में विमानन क्षेत्र में संवेदनशील डेटा की सुरक्षा के लिए आवश्यक परिपत्र-आदेश जारी करने पर ध्यान देती है।



# लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स पांच महीने के निचले स्तर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 337.66 अंकों की गिरावट के साथ 57,900.19 अंकों के लेवल पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 111 अंकों की गिरावट के साथ 17,043 अंकों पर कारोबार करते हुए बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स में 0.58फीसदी की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी में 0.65फीसदी की गिरावट आई। बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं महिंद्र एंड महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के आंकड़ों के अनुसार सेंसेक्स पांच महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है।

**डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ रुपया**

सिलिकॉन वैली बैंक



(एसवीबी) संकट से बाजार के प्रभावित होने की आशंका के कारण भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.44फीसदी कमजोर होकर 82.49 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के आने का इंतजार कर रहे हैं।

**बीते दो दिनों में निवेशकों के 6.5 लाख करोड़ डूबे**

बीते शुक्रवार को जब बाजार बंद हुआ था उस समय बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 262.94 लाख करोड़ रुपए था, जो मंगलवार (14 मार्च) को घटकर 256.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इस तरह निवेशकों को बीते दो दिनों के कारोबार के दौरान 6.5 लाख करोड़ का नुकसान हो गया है। बाजार की गिरावट में आईटी, मेटल, रियल्टी और पीएसयू बैंकिंग सेक्टर के स्टॉक्स में गिरावट दर्ज की गई। वहीं इस दौरान अडाणी समूह के शेयरों में भी उतार-चढ़ाव का दौर दिखा। अडाणी एंटरप्राइजेस के शेयर 144.40 (7.70फीसदी) की गिरावट के साथ 1,730.00 रुपये प्रति शेयर के भाव पर पहुंच गए।

# दूसरी बार बड़े पैमाने पर छंटनी करेगा मेटा, इस बार 10 हजार कर्मियों की जाएगी नौकरी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा में दूसरी बार बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी कर ली है। इस बार कंपनी 10 हजार कर्मियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। कंपनी ने खुद इसकी घोषणा की है। मेटा ने घोषणा करते हुए कहा कि हम अपनी टीम में से लगभग 10,000 कर्मियों में कटौती कर सकते हैं और साथ ही लगभग 5,000 अतिरिक्त ओपन भर्तियों को भी बंद किए जाने की उम्मीद है। बता दें कि कंपनी ने चार महीने पहले ही करीब 11 हजार कर्मचारियों को घर का रास्ता दिखाया है।

**सीईओ ने छंटनी की ओर किया इशारा**

मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने कंपनी में बड़ी छंटनी की ओर




इशारा किया है। जुकरबर्ग ने कर्मचारियों को एक मैसेज में कहा, +हम अपनी टीम में से लगभग 10,000 कर्मियों में कटौती करने और लगभग 5,000 अतिरिक्त ओपन भर्तियों को भी बंद करने की उम्मीद करते हैं। दरअसल, मेटा फ्यूचरिस्टिक मेटावर्स को डेवलप करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है, इसलिए कंपनी उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ती ब्याज दरों का सामना कर रही है। साथ ही कंपनी महामारी के बाद की मंदी से भी जूझ रही है।

**पहले हुई थी 11 हजार लोगों की छंटनी**

इससे पहले भी फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा ने पिछली साल नवंबर ने 11 हजार के करीब लोगों को नौकरी से निकाला था। यह कंपनी के इतिहास में सबसे बड़ी छंटनी थी। बता दें कि सितंबर के आखिर में कंपनी ने कहा था कि मेटा में कुल 87 हजार कर्मचारी काम करते हैं।

**अब तक गई दो लाख से ज्यादा नौकरियां**

बता दें कि एक बिगड़ती अर्थव्यवस्था ने कॉर्पोरेट अमेरिका में बड़े पैमाने पर नौकरी में कटौती की है। इसमें गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली जैसे वॉल स्ट्रीट बैंकों से लेकर अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी टेक फर्म भी शामिल हैं।

छंटनी ट्रैकिंग साइट के अनुसार, टेक जगत ने 2022 की शुरुआत से अब तक करीब 280,000 से अधिक कर्मचारियों को छंटनी की गई है। जिनमें से लगभग 40 प्रतिशत इस साल की गई है।

# रूस से तेल खरीदने में चीन की मुद्रा से न हो भुगतान, सरकार ने बैंकों-व्यापारियों को दी सलाह

**मुंबई।** सरकार ने बैंकों और कारोबारियों से कहा है कि वे रूस से आयात के लिए चीन की मुद्रा युआन का प्रयोग करने से बचें। पॉलिसी मेकिंग से जुड़े सरकार के तीन अधिकारियों और दो बैंकिंग सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि ऐसा पड़ोसी देश चीन के साथ लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक मतभेदों के कारण किया जा रहा है।भारत रूस से सस्ता तेल और



कोयला के प्रमुख आयातक के तौर पर उभरा है। भारत अब इन कारोबारों को निपटाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा दिरहाम को प्राथमिकता देगा।

पॉलिसी मेकिंग से जुड़े सरकार के तीन अधिकारियों और दो बैंकिंग सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि ऐसा पड़ोसी देश चीन के साथ लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक मतभेदों के कारण किया जा रहा है।

तीन सरकारी अधिकारियों ने ये बातें कही है। उनमें से एक अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली विदेशी व्यापार का निपटारा यूआन में करने में असुविधा महसूस कर रहा रहा है। वहीं इन ट्रेडों का दिरहाम में निपटारा उसके लिहाज से सही है।

एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि भारत यूआन में लेनदेन का निपटारा तब तक नहीं करना चाहेगा जब तक दोनों देशों के रिश्ते बेहतर नहीं हो जाते। बता दें कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद तनाव आ गया था।

## जर्मनी को 6-3 से हराकर भारत एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष पर

**राउरकेला।** भारत एफआईएच प्रो लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां बिरसा मुंडा स्टेडियम में विश्व चैम्पियन जर्मनी को 6-3 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। भारत की जर्मनी के खिलाफ 3 दिन में यह दूसरी जीत है और इस जीत की बदौलत हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम सात मैच में 17 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई है। स्पेन के भी 17 अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण भारत शीर्ष पर है।



टॉम ग्रैमबुश ने तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर जर्मनी को बढ़त दिला दी थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5-4 से रोमांचक जीत दर्ज करने वाले भारत ने हालांकि 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह के गोल से बराबरी हासिल कर ली। टीम के लिए अभिषेक (22वें और 51वें मिनट) और सेलवम कार्ति (24वें और 26वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे जबकि एक अन्य गोल हरमनप्रीत (26वें मिनट) ने किया जिससे भारत ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। जर्मनी के लिए दो अन्य गोल गोंजालो पेइलाट (23वें मिनट) और माल्टे हेलविग (31वें मिनट) ने किए। भारत ने इससे पहले अपने पिछले दो मैच में जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

## पहली बार भारत में होगी फीडे महिला ग्रां प्री शतरंज ,हम्पी, हारिका और वैशाली लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** विश्व महिला शतरंज चैंपियनशिप साइकल का हिस्सा फीडे महिला ग्रां प्री के तीसरे पड़ाव का आयोजन इस बार पहली बार भारत के नई दिल्ली में होने जा रहा है । पिछले वर्ष शतरंज ओलंपियाड का सफल आयोजन करने वाले भारत के लिए यह दूसरा विश्व स्तरीय टूर्नामेंट होने जा रहा है । पूरी दुनिया से 12 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगी ,जिनके बीच



राउंड रॉबिन आधार पर 11 राउंड खेले जाएँगे । एक बार भारत का नेतृत्व का जिम्मा विश्व की नंबर दो खिलाड़ी ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली के ऊपर होगा और पहले राउंड में दोनों ही खिलाड़ी आपस में मुकाबला खेलेंगी जिसमें हम्पी सफ़ेद तो हरिका काले मोहरो से खेलेंगी । इनके अलावा एक बार फिर भारत की आर वैशाली को ग्रां प्री में खेलने का मौका मिला है । यह पहला मौका होगा जब यह तीनों भारतीय खिलाड़ी एक साथ फीडे ग्रां प्री में भाग लेंगी । इन तीनों के अलावा लागनों काटेरयना, आलेक्सान्द्रा गोरयाचकीना और पोलिना शुवालोवा (रूस ), जानसाया अब्दुमालिक और अस्सौबेयवा बीबिसारा (कजाकिस्तान), एलिज़ाबेथ पैहत्ज़ (जर्मनी),नाना दगनिडजे और नीनों बतसियश्विली (जॉर्जिया), झू जिनर (चीन) चुनौती पेश करेंगी ।

## फुटबॉल विश्व कप 2026 में चार टीमों के 12 समूह शामिल होंगे : फीफा

**किगाली।** उत्तरी अमेरिका में होने वाले फीफा पुरुष विश्व कप 2026 चार टीमों के 12 समूहों के साथ शुरू होगा। फुटबॉल की विश्व शासी निकाय फीफा ने तीन टीमों के 16 समूहों के मूल नियोजित प्रारूप में बदलाव किया है। फीफा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, संशोधित प्रारूप यह सुनिश्चित करता है कि प्रतिस्पर्धी टीमों को टूर्नामेंट के दौरान संतुलित आराम का समय मिले और सभी टीमें कम से कम तीन मैच खेल सकें। कतर में हाल ही में समाप्त हुए विश्व कप में 32 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिन्हें चार-चार टीमों के कुल आठ ग्रुपों में विभाजित किया गया है, जबकि 2026 में 48 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसका मतलब है कि 104 मैच खेले जाएंगे, जो पिछले साल के टूर्नामेंट के 64 मैचों की तुलना में बहुत अधिक है। 2026 विश्व कप के लिए फीफा की मूल योजना, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा, पहले तीन टीमों के 16 समूहों के लिए था, जिसमें से शीर्ष दो अंतिम 32 तक पहुंचतीं। नए तय किए गए प्रारूप का मतलब है कि प्रत्येक समूह में शीर्ष दो शीर्ष टीमें, तीसरे स्थान पर रहने वाली आठ सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ नॉकआउट दौर में जाएंगी। नतीजतन, फाइनलिस्ट और तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें मौजूदा सात के बजाय कुल आठ मैच खेलेंगी।

# पृथ्वी शॉ की भारतीय टीम से गैरमौजूदगी पर मुरली विजय बोले- टीम प्रबंधन से पूछना चाहिए

**मुंबई।** यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भारतीय टीम प्रतिभा से भरी हुई है, चाहे वह बल्लेबाजी विभाग हो या गेंदबाजी। विशेष रूप से भारत के शीर्ष क्रम में उनके शस्त्रागार में प्रतिभा की अधिकता है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सितारों के 30 के पार पहुंचने के साथ नई प्रतिभाओं की तलाश जारी है जिसमें शुभमन गिल अपना सिक्का जमा चुके हैं। वहीं पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज मुरली विजय पृथ्वी शॉ को टीम से बाहर करने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वह समझ नहीं पा रहे हैं कि घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म के बावजूद शॉ को नियमित रूप से क्यों नहीं चुना गया।

विजय ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वह अब क्यों नहीं खेल रहा है। टीम प्रबंधन से पूछना



चाहिए।' उन्होंने शुभमन गिल के हाल के प्रदर्शन पर भी बात की, जैसा कि उन्होंने कहा, 'भारत के लिए 15 सुपरस्टार खेल रहे हैं। यदि आप भारत के लिए खेल रहे हैं, तो आप पहले से ही मेरे लिए एक सुपरस्टार हैं। लेकिन कौशल के लिहाज से मैं वास्तव में शुभमन गिल और पृथ्वी शॉ से प्यार करता हूं। वे शीर्ष खिलाड़ी हैं। ऋषभ पंत ने भारतीय के लिए बहुत अच्छा काम किया है।' मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। श्रेयस अय्यर अच्छा कर रहे हैं। विजय ने शॉ और गिल के अलावा केएल राहुल के बारे में भी बात की जो हाल ही में अपनी फॉर्म को खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वह जानता है कि यह क्या है और उसे वापसी करने के लिए क्या करने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि केएल को अकेला छोड़ दिया जाना चाहिए और इस समय उनकी जांच नहीं की जानी चाहिए। यह किसी भी क्रिकेटर के साथ होता है। मुझे लगता है कि केएल को इसे आसान बनाना चाहिए।' अपने बेसिक्स पर काम करें, और इस समय का उपयोग खुद को आराम देने और कायाकल्प करने और मजबूत वापसी करने के लिए करें।'

## महिला मुक्केबाजों का चयन न होने पर उच्च न्यायालय का हस्तक्षेप से इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने तीन राष्ट्रीय चैंपियन मुक्केबाजों मंजू रानी, शिक्षा नरवाल और पूनम पूनिया का विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए चयन नहीं किए जाने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के पदकों की संख्या और मूल्यांकन प्रमाणपत्रों को देखने बाद इस खेल प्रतियोगिता के लिए चुने गए मुक्केबाजों की सूची में हस्तक्षेप करने का कोई मामला नहीं बनता है और याचिकाकर्ता चैंपियनशिप के लिए रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में बने रहेंगे। न्यायाधीश ने कहा,''अदालत ने नोटिस किया कि इस रिट याचिका में हस्तक्षेप का दायरा सीमित है। अदालत ने मूल्यांकन प्रमाणपत्रों और पदक तालिका का भी अवलोकन किया। यह अनुच्छेद 226 के तहत हस्तक्षेप का मामला नहीं है। जिस टीम का चयन किया गया है उसे भारत का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति है।' विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 15 से 31 मार्च तक दिल्ली में होनी है।

# बांग्लादेश ने रचा इतिहास, विश्व चैंपियन इंग्लैंड का किया सूपड़ा साफ

**मीरपुर।** सलामी बल्लेबाज लिटन दास के अर्धशतक के बाद मुस्ताफिजुर रहमान की अगुआई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से बांग्लादेश ने यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को 16 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसी के साथ उन्होंने इतिहास रच दिया। दरअसल, यह दोनों देशों के बीच पहली सीरीज थी, जिसे बांग्लादेश ने इंग्लैंड को उसी की धरती पर अपने नाम कर लिया।

तीसरे मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन ने 57 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाये। उन्होंने रोनी तालुकदार (24) के साथ पहले विकेट के लिए 55 और नजमुल हसन शंटो (नाबाद 47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की जिससे बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने बाद दो विकेट पर 158 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इंग्लैंड



सलामी बल्लेबाज डाविड मलान (53) और कप्तान जोस बटलर (40) के बीच दूसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी के दौरान जीत की स्थिति में दिख रहा था लेकिन इन दोनों के 14वें ओवर में लगातार गेंदों पर आउट होने से उसकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह छह विकेट पर 142 रन ही बना पाया।

मुस्ताफिजुर ने चार ओवर में 14 रन देकर मलान का महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया जबकि बटलर अगली गेंद पर रन आउट हो गए। इसके बाद बांग्लादेश के गेंदबाजों ने शिकंजा कस दिया। तास्किन अहमद (26 रन देकर दो विकेट) उसके सबसे सफल गेंदबाज रहे। बांग्लादेश ने पहले मैच में छह विकेट और दूसरे मैच में चार विकेट से जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले वनडे श्रृंखला 2-1 से जीती थी। बांग्लादेश ने तीसरा वनडे जीता था और इस तरह से वह सीमित ओवरों के दोनों प्रारूप के चैंपियन इंग्लैंड को लगातार चार मैचों में पराजित करने में सफल रहा।

# 'जब मुझे यह टीम मिली, मैं बहुत खुश थी', लगातार पांचवीं जीत के बाद हरमनप्रीत कौर ने दिया बयान

**मुंबई।** वीमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 55 रन से मात दी। इस मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 163 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में गुजरात 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 107 रन ही बना पाई। मुंबई की ओर से कप्तान हरमनप्रीत ने 30 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 51 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर हरमनप्रीत ने कहा, ÷ इसका श्रेय सभी सपोर्ट स्टाफ और टीम के साथियों को जाता है। हम जिस तरह से खेल रहे हैं, हम उसे जारी रखना चाहते हैं। हम बहुत सकारात्मक हैं और हम हमेशा टीम के लिए अच्छा करना चाहते हैं। जब हमें यह टीम मिली तो मैं वास्तव में खुश थी, वे देश के लिए अच्छा कर रहे थे और अब वे मुंबई के लिए भी ऐसा ही करेंगे। सकारात्मकता सभी परिणाम दे रही है।

उन्होंने आगे कहा, ÷जब हमने इस विकेट पर आखिरी मैच खेला था तो शुरुआत में आपको रन नहीं मिलेंगे। एक बार जब आप



व्यवस्थित हो जाते हैं तो आपको रन मिलेंगे। मैंने आज यही किया। जो कुछ भी परिणाम दे रहा है वह मैं कर रही हूं। कभी-कभी आपको बाउंड्री सीमा के आयाम भी देखने पड़ते हैं। लेग-साइड छोटा है और एक मध्यम तेज गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा था और इसलिए मैं शॉट के लिए गई और आखिरी ओवर वैसे भी आपको जाने की जरूरत थी, लेकिन यह लंबी बाउंड्री थी और मैं क्लियर नहीं कर सकी।÷

मैच की बात करें तो मुंबई द्वारा 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात का कोई भी बल्लेबाज मुंबई की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पाया। गुजरात की ओर से हरलीन देओल ने 23 गेंदों में 22 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उनके अलावा कप्तान स्नेह राणा ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों को छोड़कर गुजरात का कोई भी बल्लेबाज 20 का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। मुंबई की ओर से नेट साइवर ब्रंट और हेले मैथ्यूज ने सर्वश्रेष्ठ 3-3 विकेट चटकाए।

इससे पहले मुंबई ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज हेले मैथ्यूज बिना खाता खोले ही आउट हो गईं, जबकि दूसरी ओर यास्तिका भाटिया ने ओपनिंग करते हुए 37 गेंदों में 44 रनों की पारी खेली। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने 31 गेंदों में 36 रन बनाए। अमेलिया केर ने 13 गेंदों में 19 रन बनाए।अंत में कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। गुजरात की ओर से एशले गार्डनर ने सर्वश्रेष्ठ 3 विकेट चटकाए।

## तीन देशों की सीरीज से पहले स्टिमक ने शिविर के लिए टीम की घोषणा की



**कोलकाता।** भारतीय फुटबाल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने बुधवार से यहां शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए 23 सदस्यीय अस्थायी टीम की घोषणा की है, जिसमें सुनील छेत्री और मनवीर सिंह की अग्रिम पंक्ति की जोड़ी भी शामिल है। भारतीय टीम तीन देशों के टूर्नामेंट के लिए इंफाल की यात्रा से पहले कोलकाता में पांच दिवसीय शिविर में भाग लेगी। टूर्नामेंट का आयोजन 22 से 28 मार्च तक खुमान लंपक स्टेडियम में होगा। इसमें भारत के अलावा म्यांमा और किर्गिज गणराज्य की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के फाइनल (18 मार्च) के बाद की जायेगी। शिविर के लिए चुने गए 23 में 14 बुधवार को यहां पहुंचेंगे जबकि अन्य नौ (बेंगलुरु एफसी और एटीके मोहन बागन एफसी के खिलाड़ी) आईएसएल फाइनल के एक दिन बाद 19 मार्च को आएंगे। इसके अलावा 11 खिलाड़ियों को भी रिजर्व के रूप में नामित किया गया है, और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें शिविर के के लिए बुलाया जाएगा।

**शिविर के लिए टीम:**

गोलकीपर: गुरप्रीत सिंह संधू, फुरबा लाचेंपा टेम्पा, अमरिंदर सिंह।

फॉरवर्ड : मनवीर सिंह, सुनील छेत्री, शिवशक्ति नारायणन।

डिफेंडर: संदेश झिंगन, रोशन सिंह, अनवर अली, आकाश मिश्रा, चिंग्लेनसाना कोनशाम, राहुल भेके, मेहताब सिंह, ग्लान मार्टिन्स।

मिडफील्डर: सुरेश वांगजाम, रोहित कुमार, अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडीस, यासिर मोहम्मद, ऋत्विक दास, जैक्सन सिंह, लालिंजुआला छांगटे, बिपिन सिंह।

# रॉबिन उथप्पा का बल्ला चला, लीजेंड्स लीग क्रिकेट में एशिया लायंस 10 विकेट से हारी

**दोहा।** दोहा के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रही लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 के अहम मुकाबले में इंडिया महाराजा ने एशिया लायंस को रॉबिन उथप्पा के तेजतर्रार शतक की बदौलत आसानी से हरा दिया। एशिया लायंस में शोएब अख्तर, सोहेल तनवीर, मोहम्मद आमिर जैसे गेंदबाज थे लेकिन उथप्पा ने सभी को खबर ली और टीम को आसान जीत दिला दी। इससे पहले एशिया लायंस ने उपल थरंगा के अर्धशतक की बदौलत 5 विकेट खोकर 157 रन बनाए थे। मैच की शुरुआत एशिया लायंस की बल्लेबाजी से हुई थी। एशिया की ओर से उपल थरंगा के साथ तिलकरत्ने दिलशान ओपनिंग पर आए थे। थरंगा ने 48 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद



से 69 तो दिलशान ने 27 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 73 रन जोड़े। हफीज 2 तो कप्तान मिसबाह की 0 पर विकेट गिरने के बाद असगर अफगान ने 15 तो अब्दुल रज्जाक ने 17 गेंदों में 27 रन बनाकर स्कोर 157 तक पहुंचा दिया। इंडिया महाराजा की ओर से सुरेश रैना दो ओवर में 16 रन देकर दो विकेट निकालने में सफल रहे।

रोजर बिन्नी, हरभजन और प्रवीण तांबे भी 1-1 विकेट निकालने में सफल रहे। जवाब में खेलने उतरी इंडिया महाराजा ने शुरूआती ओवर्स से ही एशिया लायंस के गेंदबाजों पर दबदबा बनाए रखा। खास तौर पर उथप्पा ने विकेट के चारों ओर शॉट लगाए और 225 की स्ट्राइक रेट के साथ 88 रन बनाए। गंभीर ने उनका बाखूबी साथ दिया और 61 रन बनाए।

# मैं इस भारतीय क्रिकेटर को 10 साल से जानता हूं, वो बहुत प्रतिभाशाली है : पोंटिंग

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग उस भारतीय क्रिकेटर की जमकर तारीफ की जो फिलहाल टीम इंडिया के लिए भी अहम योगदान दे रहा है। पोंटिंग उसे पिछले 10 सालों से जानते हैं। ऐसे में वो उसकी ताकत और प्रतिभा से अच्छे वाकिफ हैं। यह क्रिकेट कोई और नहीं बल्कि इन-फॉर्म ऑलराउंडर अक्षर पटेल हैं। पोंटिंग उस समय से अक्षर को जानते हैं, जब 2023 में यह ऑलराउंडर मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा था। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा,''मैं अक्षर को लंबे समय से जानता हूं और जब मैं पहली बार मुंबई की टीम से जुड़ा था तो वह टीम में शामिल एक युवा खिलाड़ी था।' उन्होंने कहा, ''मैं जानता था कि उसमें बल्लेबाजी कौशल है लेकिन पिछले दो वर्षों को छोड़कर वह आईपीएल या





अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह कौशल नहीं दिखा पा रहा था।' पोंटिंग ने कहा, ''हमने उसकी बल्लेबाजी में थोड़े बदलाव किये। हमने उसके कूल्हों और कंधों की स्थिति में मामूली बदलाव किये जिससे उसे दाएं हाथ के तेज गेंदबाजों और शार्ट पिच गेंदों को खेलने में मदद मिली। इससे पहले शार्ट पिच गेंदें उसकी कमजोरी हुआ करती थी। पोंटिंग ने टेस्ट मैचों में बल्ले का उपयोग करके अक्षर की हाल की सफलता पर ध्यान दिया है और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज के पास आईपीएल सीजन में दिल्ली कैपिटल्स क्लब में एक नया स्थान होगा। पोंटिंग ने कहा, 'मैं इस साल दिल्ली कैपिटल्स में उससे थोड़ा अधिक प्राप्त करना चाहता हूं, यह निश्चित रूप से है। पिछले साल कुछ बार हमने उसे थोड़ी अधिक बल्लेबाजी करने की। मुझे लगता है कि वह नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने के लिए काफी अच्छा है। अक्षर ने 2013 में मुंबई इंडियंस की तरफ से आईपीएल में पदार्पण किया। इसके बाद उन्होंने पांच साल तक किंग्स इलेवन पंजाब की तरफ से खेलकर अपने खेल को निखारा।

# अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ 11वीं बार ऑल ओवर चैम्पियन

**रायपुर।** हरियाणा राज्य के पंचकूला में सम्पन्न हुई 26 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ 11वीं बार ओवर ऑल चैम्पियन बना है। छत्तीसगढ़ ने कुल 164 मेडल जीतकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को पछाड़ते हुए पुनः अपना प्रथम स्थान कायम रखा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ राज्य की अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वन विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, तैराकी, कैरम, चेस, वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी जैसे इंडोर गेम के साथ-साथ क्रिकेट, फुटबॉल, बॉस्केट बॉल, हॉकी, गोल्फ, एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट होते है। इस प्रतियोगिता में वन विभाग के उच्चतम अधिकारी पीसीसीएफ से लेकर गॉड तक खेल स्पर्धाओं में भाग लेते है।

छत्तीसगढ़ के वन विभाग टीम ने क्रिकेट में जम्मू कश्मीर को हराकर सातवीं बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी तरह फुटबॉल में



हरियाणा के टीम को हराकर छत्तीसगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम में कई नेशनल खिलाड़ी शामिल थे। छत्तीसगढ़ की बॉस्केट बॉल टीम ने कर्नाटक की टीम को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। वेटलिफ्टिंग पॉवरलिफ्टिंग में कुल 19 स्वर्ण, टेनिस में 12 स्वर्ण, बैडमिन्टन में 04 स्वर्ण, तैराकी में 06 स्वर्ण, एथलेटिक्स में 18 स्वर्ण, 10 रजत, 08 कांस्य पदक जीते हैं। इसी प्रकार टेनिस में 09 स्वर्ण और 02 रजत पदक प्राप्त किया है। इस तरह इस वर्ष की 26 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने कुल 164 मेडल जीतकर कुल 542 अंक प्राप्त किए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को कड़ी प्रतिस्पर्धा में पछाड़ते हुए पुनः अपना प्रथम स्थान कायम रखा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तथा वन मंत्री सहित वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी एपीसीसीएफ सुनील मिश्रा और डीएफओ विश्वेष कुमार, आलोक तिवारी, संगीता राजगोपालन के अथक प्रयास तथा खिलाड़ियों के सतत अभ्यास एवं लगन से छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

